# मध्यप्रदेश उच्च न्यायालयः जबलपुर

## //आवश्यक सूचना//

क्रमांक- 1099/परीक्षा/2018 जबलपुर, 08.05.2018

दिनांक-16.05.2018 को आयोजित होने वाली शीघ्रलेखक ग्रेड-2 एवं ग्रेड-3 (जिला न्यायालय आदि) की मुख्य परीक्षा- 2017 तथा दिनांक-22, 23, 24 एवं 25.05.2018 को आयोजित होने वाली सहायक ग्रेड-3 (जिला न्यायालय आदि) के डायरेक्ट डिक्टेशन टेस्ट-2017 के संबंध अभ्यर्थियों के लिए निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्देश दिये जा रहे हैं कृपया अवलोकन करें।

### शार्टहैण्ड डिक्टेशन संबंधी निर्देशः-

1- किसी भी, समय और हानि / अयोग्यता से बचने के लिये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

2- शार्टहैण्ड डिक्टेशेन टाइपिंग केवल रेमिंगटन गेल ले-आऊट में किया जावेगा ।

3- शार्टहैण्ड डिक्टेशन नोट करने के लिए अभ्यर्थियों को "नोट-बुक" इनविजीलेटर द्वारा प्रदान की जावेगी जिसके ऊपर अभ्यर्थी अपना आवेदन क्रमांक व नाम स्पष्ट रूप से अंकित करेंगे।

4- परीक्षा कक्ष में तैनात इनविजीलेटर द्वारा ही की-बोर्ड की भाषा को चयनित किया जावेगा, कृपया अभ्यर्थी कम्प्यूटर व की-बोर्ड में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करें।

5- अभ्यर्थी इनविजीलेटर के निर्देशों का पालन करेंगे, जैसे ही ''ऑडियो स्टार्ट'' का निर्देश दिया जावेगा, डिक्टेशन तुरंत ही शुरू हो जावेगा।

6- अभ्यर्थियों को मॉक डिक्टेशन सुनाया जावेगा। यदि अभ्यर्थी उसे नोट करना चाहता है तो उसे नोट बुक में लिखकर कर काट दे। अभ्यर्थियों को मॉक डिक्टेशन केवल आवाज सुनने के लिए होगा, इसे टाईप नहीं करना है।

7- मुख्य डिक्टेशन पूरा होने के बाद अगले 5 मिनट का समय की-बोर्ड चैक करने आदि के लिए दिया गया है, तत्पश्चात् अभ्यर्थियों के मुख्य डिक्टेशन के प्रतिलेखन के लिए 30 मिनट का समय आरम्भ होगा।

Scanned by CamScanner

8- अभ्यर्थी इस तथ्य का विशेष ध्यान दें कि परीक्षा कक्ष में डिक्टेशन की आवाज पूरी तरह से चैक की गई है, डिक्टेशन की आवाज परीक्षा कक्ष के अंदर चारों ओर पूरी तरह सुनाई देगी।

9- शार्टहैण्ड डिक्टेशन के बीच में कृपया शोर न मचायें, इससे दूसरे अभ्यर्थियों को असुविधा होगी। ऐसे अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता तुरंत समाप्त कर उन्हें परीक्षा कक्ष से तत्काल बाहर किया जावेगा।

10- शार्टहैण्ड डिक्टेशन अभ्यर्थी ध्यान से सुनेंगे क्योंकि वह केवल एक ही बार सुनाया जावेगा, यदि किसी अभ्यर्थी के शब्द छूटते हैं तो उसके लिए वह स्वयं ही जिम्मेदार होगा।

11- शार्टहैण्ड डिक्टेशन में बोले गये प्रत्येक शब्द एवं विराम चिन्हों को टाईप करना अनिवार्य है।

12- टाईप होने के बाद प्रिंट नहीं निकालना है समय समाप्त होते ही टाईप मैटर स्वतः ही सबमिट हो जावेगा।

13- परीक्षा के दौरान यदि किसी अभ्यर्थी का कम्प्यूटर लॉक अथवा बंद हो जाता है तो वह बिना शोर मचाए अपने स्थान पर हाथ उठाकर बताएगा एवं बैठा रहेगा उसको परीक्षा पूर्ण करने के लिए पूरा समय दिया जावेगा। परीक्षा कक्ष में तैनात इनविजीलेटर स्वयं ही उनसे संपर्क करेंगे।

14- निम्नलिखित समस्याओं में आप इनविजीलेटर से संपर्क कर सकते है।

अ) की-बोर्ड में त्रुटि होना।

ब) मशीन स्वतः बंद हो जाना।

स) पॉवर व्यवधान।

द) ब्राउज़र क्रैश होना।

य) कृत्रिम रूप से सत्र समाप्त हो जाना।

15- शांति भंग करने अथवा किसी भी प्रकार से परीक्षा में व्यवधान पहुँचाने या गलत तरीके अपनाने/नक़ल करने/मोबाईल/इलेक्ट्रोनिक डिवाइस रखने पर आपके विरुध कानूनी कार्यवाही कर प्रकरण दर्ज किया जायेगा और अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जावेगी।

16- सर्वर पर घडी लगाई गयी है, तथा आपके स्क्रीन के दाहिने कोने में शीर्ष पर काउंटडाउन

Scanned by CamScanner

टाइमर में आपके लिए परीक्षा समाप्त करने के लिए शेष समय प्रदर्शित होगा।

## डायरेक्ट डिक्टेशन संबंधी निर्देशः-

1- किसी भी, समय और हानि / अयोग्यता से बचने के लिये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

2- निर्देशों को पढ़ने के बाद चेक बॉक्स पर क्लिक कर आगे बढ़े ।

3- डायरेक्ट डिक्टेशेन टाइपिंग केवल रेमिंगटन गेल ले-आऊट में किया जावेगा ।

4- परीक्षा कक्ष में तैनात इनविजीलेटर द्वारा ही की-बोर्ड की भाषा को चयनित किया जावेगा, कृपया अभ्यर्थी कम्प्यूटर व की-बोर्ड में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करें।

5- अभ्यर्थी इनविजीलेटर के निर्देशों का पालन करेंगे, जैसे ही ऑडियो स्टार्ट का निर्देश दिया जावेगा, डिक्टेशन तुरंत ही शुरू हो जावेगा।

6- अभ्यर्थियों को मॉक डिक्टेशन केवल आवाज सुनने के लिए होगा, इसे टाईप नहीं करना है।

7- अभ्यर्थी इस तथ्य का विशेष ध्यान दें कि परीक्षा कक्ष में डिक्टेशन की आवाज पूरी तरह से चैक की गई है, डिक्टेशन की आवाज परीक्षा कक्ष के अंदर चारों ओर पूरी तरह सुनाई देगी।

8- डायरेक्ट डिक्टेशन के बीच में कृपया शोर न मचायें, इससे दूसरे अभ्यर्थियों को असुविधा होगी। ऐसे अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता तुरंत समाप्त कर दी जावेगी। ऐसे अभ्यर्थियों को तत्काल परीक्षा कक्ष से बाहर कर दिया जावेगा।

9- डायरेक्ट डिक्टेशन अभ्यर्थी ध्यान से सुनेंगे एवं टाईप करेंगे क्योंकि वह केवल एक ही बार सुनाया जावेगा, यदि किसी अभ्यर्थी के शब्द छूटते हैं तो उसके लिए वह स्वयं ही जिम्मेदार होगा।

10- डायरेक्ट डिक्टेशन में बोले गये प्रत्येक शब्द एवं विराम चिन्हों को टाईप करना अनिवार्य है।

11- टाईप होने के बाद प्रिंट नहीं निकालना है समय समाप्त होते ही स्वतः ही सबमिट हो जावेगा।

Scanned by CamScanner

12- परीक्षा के दौरान यदि किसी अभ्यर्थी का कम्प्यूटर लॉक अथवा बंद हो जाता है तो वह बिना शोर मचाए अपने स्थान पर हाथ उठाकर बताएगा एवं बैठा रहेगा उसको परीक्षा पूर्ण करने के लिए पूरा समय दिया जावेगा। परीक्षा कक्ष में तैनात इनविजीलेटर स्वयं ही उनसे संपर्क करेंगे।

13- निम्नलिखित समस्याओं में आप इनविजीलेटर से संपर्क कर सकते है।

अ) की-बोर्ड में त्रुटि होना।

ब) मशीन स्वतः बंद हो जाना।

स) पॉवर व्यवधान।

द) ब्राउज़र क्रैश होना।

य) कृत्रिम रूप से सत्र समाप्त हो जाना।

14- शांति भंग करने अथवा किसी भी प्रकार से परीक्षा में व्यवधान पहुँचाने या गलत तरीके अपनाने/नक़ल करने/मोबाईल/इलेक्ट्रोनिक डिवाइस रखने पर आपके विरुध कानूनी कर्यवाही कर प्रकरण दर्ज किया जायेगा और अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जावेगी।

15- सर्वर पर घडी लगाई गयी है, तथा आपके स्क्रीन के दाहिने कोने में शीर्ष पर काउंटडाउन टाइमर में आपके लिए परीक्षा समाप्त करने के लिए शेष समय प्रदर्शित होगा।

अभ्यर्थी उपरोक्त निर्देशों को ठीक तरह से पढ़कर ही परीक्षा में उपस्थित हो, अन्यथा परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को असुविधा होगी।

08/05/18

(उमेश कुमार श्रीवास्तव)
रजिस्ट्रार परीक्षा

Scanned by CamScanner